**SET-2**

**Series A6BAB/C**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **58/6/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **13** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# अर्थशास्त्र
# ECONOMICS

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 40*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 40*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **13** प्रश्न हैं ।*

*(ii)* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक अंकित किए गए हैं ।*

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र में **2** अंकों के **5** प्रश्न, **3** अंकों के **5** प्रश्न तथा **5** अंकों के **3** प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***2** अंकों वाले प्रश्न लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं तथा इनके उत्तर **30 – 50** शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।*

*(v)* ***3** अंकों वाले प्रश्न भी लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं तथा इनके उत्तर **50 – 80** शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।*

*(vi)* ***5** अंकों वाले प्रश्न दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं तथा इनके उत्तर **80 – 120** शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।*

*(vii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । हालाँकि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किए गए हैं । परीक्षार्थी ऐसे प्रश्नों में से केवल एक प्रश्न का ही उत्तर दें ।*

*(viii)* *इस प्रश्न-पत्र में केस/स्रोत आधारित प्रश्न भी है ।*

**1.** प्रत्याशित समग्र माँग (AD) के मूल्य का अनुमान लगाइए, यदि स्वायत्त निवेश व उपभोग व्यय $(\bar{A})$ ₹ 50 करोड़ है, सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) 0·2 है तथा आय का स्तर ₹ 300 करोड़ है । *2*

**2.** (क) उपभोक्ता वस्तुओं व पूँजीगत वस्तुओं में अंतर स्पष्ट कीजिए । *2*

**अथवा**

(ख) "राष्ट्रीय आय में मात्र घरेलू क्षेत्र में, उत्पादन के कारकों द्वारा अर्जित आय सम्मिलित होती है ।"

वैध कारणों द्वारा दिए गए कथन का समर्थन अथवा खंडन कीजिए । *2*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **13** questions.*

*(ii)* ***All** questions are compulsory. Marks are indicated against each question.*

*(iii)* *This question paper contains **5** questions of **2** marks each, **5** questions of **3** marks each and **3** questions of **5** marks each.*

*(iv)* ***2** marks questions are Short Answer Type Questions and are to be answered in **30 – 50** words each.*

*(v)* ***3** marks questions are also Short Answer Type Questions and are to be answered in **50 – 80** words each.*

*(vi)* ***5** marks questions are Long Answer Type Questions and are to be answered in **80 – 120** words each.*

*(vii)* *There is no overall choice in the question paper. However, internal choices have been provided in few questions. The candidates need to attempt only one question from such questions.*

*(viii)* *This question paper contains Case/Source Based Question also.*

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**1.** Estimate the value of ex-ante Aggregate Demand (AD), if autonomous investment and consumption expenditure ($\bar{A}$) is ₹ 50 crore, Marginal Propensity to Save (MPS) is 0·2 and level of income is ₹ 300 crore. *2*

**2.** (a) Distinguish between Consumption goods and Capital goods. *2*

**OR**

(b) "National income includes income earned by factors of production, within the domestic territory only."

Defend or refute the given statement with valid reasons. *2*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

3. (क) 'श्रमिक जनसंख्या अनुपात (Worker Population Ratio)' का अर्थ समझाइए । 2

**अथवा**

(ख) स्वास्थ्य अवसंरचना की किन्हीं दो उभरती हुई चुनौतियों का उल्लेख कीजिए । 2

4. (क) "औसत बचत प्रवृत्ति (APS) ऋणात्मक हो सकती है ।" मान्य व्याख्या द्वारा दिए गए कथन का समर्थन अथवा खंडन कीजिए । 2

**अथवा**

(ख) पूर्ण रोज़गार व अनैच्छिक बेरोज़गारी में अंतर स्पष्ट कीजिए । 2

5. (क) समझाइए कि नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभावों की अवसर लागत उच्च क्यों होती है । 2

**अथवा**

(ख) इनके दो उदाहरण दीजिए : 2

(i) पर्यावरणीय संसाधनों का अति-उपयोग

(ii) पर्यावरणीय संसाधनों का दुरुपयोग

6. निम्नलिखित सूचना के आधार पर, दिए गए राष्ट्रों की जनसंख्या वृद्धि दर की तुलना व विश्लेषण कीजिए : 3

| राष्ट्र | अनुमानित जनसंख्या (मिलियन में) | वार्षिक जनसंख्या वृद्धि (% में) |
|---|---|---|
| चीन | 1371 | 0·5 |
| पाकिस्तान | 188 | 2·1 |

*स्रोत : विश्व विकास संसूचक (WDI), 2017*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

3. (a) State the meaning of 'Worker Population Ratio'. *2*

**OR**

(b) Mention any two emerging challenges in health infrastructure. *2*

4. (a) "Average Propensity to Save (APS) can be negative." Defend or refute the given statement with valid explanation. *2*

**OR**

(b) Distinguish between Full employment and Involuntary unemployment. *2*

5. (a) Explain how the opportunity cost of negative environmental impact is high. *2*

**OR**

(b) Give two instances of

(i) Overuse of environmental resources.

(ii) Misuse of environmental resources. *2*

6. On the basis of the following information, compare and analyse the population growth rate among the given countries : *3*

| Country | Estimated Population (in million) | Annual Growth of Population (in %) |
|---|---|---|
| China | 1371 | 0·5 |
| Pakistan | 188 | 2·1 |

*Source : World Development Indicators, 2017*


collegedunia India's largest Student Review Platform

7. (क) निम्नलिखित आँकड़ों के आधार पर, बाज़ार मूल्य पर सकल मूल्य वृद्धि (GVA) के मूल्य की गणना कीजिए : 3

| क्रम संख्या | विवरण | राशि (₹ लाख में) |
|---|---|---|
| (i) | मूल्यह्रास | 20 |
| (ii) | घरेलू बिक्री | 200 |
| (iii) | स्टॉक में परिवर्तन | (–) 10 |
| (iv) | निर्यात | 10 |
| (v) | एकल उपयोग निर्माता वस्तुएँ | 120 |

**अथवा**

(ख) व्यय विधि द्वारा राष्ट्रीय आय का आकलन करते समय, बरती जाने वाली किन्हीं दो सावधानियों की व्याख्या कीजिए । 3

8. किसी अर्थव्यवस्था में यदि बैंक दर में कमी होती है, तो यह ऋण की माँग को किस प्रकार प्रभावित करेगी ? व्याख्या कीजिए । 3

9. पाकिस्तान में धीमी आर्थिक वृद्धि तथा निर्धनता के पुन:आविर्भाव के किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए । 3

10. (क) "यदि संसाधनों के निष्कर्षण की दर (extraction rate) पुनर्जनन की दर (regeneration rate) से अधिक हो, तो इससे पर्यावरण की वहन क्षमता (carrying capacity) में कमी आती है ।"

दिए गए कथन में उल्लिखित किन्हीं दो परिणामों पर प्रकाश डालिए । 3

**अथवा**

(ख) ऊर्जा के ग़ैर-पारंपरिक स्रोतों के उपयोग के किन्हीं दो लाभों की व्याख्या कीजिए । 3



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

7. (a) On the basis of the following data, calculate the value of Gross Value Added (GVA) at Market Price : 3

| S. No. | Particulars | Amount (in ₹ lakh) |
|---|---|---|
| (i) | Depreciation | 20 |
| (ii) | Domestic Sales | 200 |
| (iii) | Change in Stock | (–) 10 |
| (iv) | Exports | 10 |
| (v) | Single Use Producer Goods | 120 |

**OR**

(b) Explain any two precautions that should be taken into account, while estimating National Income by Expenditure method. 3

8. In an economy, if there is a fall in Bank Rate, how would it affect the demand for credit ? Explain. 3

9. State any two reasons for slow economic growth and re-emergence of poverty in Pakistan. 3

10. (a) "If the rate of resource extraction exceeds the rate of regeneration, it leads to reduction in carrying capacity of the environment."

Highlight any two consequences, stated in the given statement. 3

**OR**

(b) Explain any two advantages of use of Non-Conventional Sources of Energy. 3



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

11. स्फीतिकारी अंतराल की परिस्थिति को सही करने के लिए प्रयुक्त किन्हीं दो मौद्रिक उपायों की व्याख्या कीजिए । 5

12. (क) "स्वास्थ्य मानव पूँजी निर्माण के सबसे महत्त्वपूर्ण स्रोतों में से एक है । स्वास्थ्य एक राष्ट्र के लिए अपने लोगों के साथ विकसित होने के लिए वाँछित कल्याण की पूर्ण स्थिति प्रस्तुत करता है ।" दिए गए कथन की व्याख्या कीजिए । 2

(ख) "आधारिक संरचना किसी राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान देती है ।" मान्य तर्कों द्वारा दिए गए कथन का समर्थन कीजिए । 3

**केस/स्रोत आधारित प्रश्न**

*निम्नलिखित गद्य को ध्यानपूर्वक पढ़िए । दिए गए गद्य व सामान्य विवेक के आधार पर प्रश्न संख्या **13 (क)** व **13 (ख)** के उत्तर दीजिए :*

राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (NSO) द्वारा जारी वार्षिक राष्ट्रीय आय के प्रथम अग्रिम अनुमानों के अनुसार, भारत की वास्तविक GDP 2020 – 21 के 7·3% संकुचन की तुलना में 2021 – 22 में 9·2% बढ़ने का अनुमान है ।

NSO के अनुसार, निवेश व निर्यात ने 2019 – 20 के महामारी पूर्व संबंधित स्तर को पूर्ण रूप से प्राप्त कर लिया है । इसी प्रकार निजी उपभोग भी महामारी पूर्व स्तर का 97·1% स्तर प्राप्त कर चुका है तथा वित्तीय वर्ष 2021 – 22 की दूसरी छमाही में पूरी तरह महामारी पूर्व स्तर को प्राप्त कर लेगा । 2020 – 21 की 9·1% के संकुचन की तुलना में 2021 – 22 में निजी उपभोग व्यय के 6·9% की वृद्धि प्राप्त करने का अनुमान है ।

भारतीय अर्थव्यवस्था में स्थायी निवेश 2020 – 21 के 10·8% संकुचन की तुलना में 2021 – 22 में 15% की वृद्धि प्राप्त करने का अनुमान है । वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात व आयात के 2021 – 22 (स्थिर कीमत पर) के मुकाबले क्रमश: 16·5% तथा 29·4% से बढ़ने का अनुमान है ।

*स्रोत : द इकोनॉमिक टाइम्स, 1 फरवरी, 2022*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**11.** Explain any two monetary measures to correct the inflationary gap situation. *5*

**12.** (a) "Health is one of the most important sources for human capital formation. Health furnishes the complete state of well-being desired for a nation to grow with its people." Elaborate the given statement. *2*

(b) "Infrastructure contributes to economic development of the country." Justify the given statement with valid arguments. *3*

### Case/Source Based Question

*Read the following text carefully. Answer questions number **13 (a)** and **13 (b)** on the basis of the given text and common understanding :*

As per the first advance estimates of annual national income released by the National Statistical Office (NSO), India's Real GDP is estimated to grow by 9·2% in 2021 – 22, as compared to a contraction of 7·3% of 2020 – 21.

According to NSO, investment and exports have achieved more than full recovery of the corresponding pre-pandemic 2019 – 20 levels. Similarly private consumption has also improved to recover 97·1% of the corresponding pre-pandemic level and stands fully recovered in the second half of the financial year 2021 – 22. Private consumption expenditure is estimated to grow at 6·9% in 2021 – 22 as against a contraction of 9·1% in 2020 – 21.

Fixed investment in Indian economy is estimated to grow by 15% in 2021 – 22, as against a contraction of 10·8% in 2020 – 21. In 2021 – 22, exports and imports of goods and services are estimated to grow 16·5% and 29·4% (at constant prices), respectively.

*Source : The Economic Times; 1st February, 2022*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**13.** (क) निम्नलिखित आँकड़ों का प्रयोग करते हुए, वास्तविक GDP में प्रतिशत परिवर्तन की गणना कीजिए : (2020 – 21 को आधार वर्ष मानिए) *2*

| वर्ष | 2020 – 21 | 2021 – 22 |
|---|---|---|
| अनुमानित वास्तविक GDP | 7·3 | 9·2 |

(ख) (i) ऐसे किन्हीं दो आर्थिक चरों का उल्लेख कीजिए जिन्होंने महामारी के उपरांत सकारात्मक प्रदर्शन किया है। *2*

(ii) वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की परिभाषा दीजिए। *1*

collegedunia.com India's largest Student Review Platform



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

13. (a) Using the following data, calculate the percentage change in Real GDP : (Assume 2020 – 21 as base year) *2*

| Year | 2020 – 21 | 2021 – 22 |
|---|---|---|
| Estimated Real GDP | 7·3 | 9·2 |

(b) (i) State any two economic variables which have shown positive sign after the pandemic period. *2*

(ii) Define Real Gross Domestic Product. *1*

collegedunia.com India's largest Student Review Platform



collegedunia.com India's largest Student Review Platform